# सात मामले आए, तीन में समझौते की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


परिवार परामर्श केंद्र पर मौजूद काउंसिल के सदस्य। ● अमृत विचार

- परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचे विवाद निपटाने में जुटे काउंसलर

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन के परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को कुल सात फाइलें लगाई गईं। जिनमें से चार फाइलों में अग्रिम तिथि लगाई गई जबकि तीन मामलों में आपसी समझौतों के आसार बने हैं।

इस दौरान काउंसलर अशोक खुराना, शिव स्वरूप गुप्ता, भीमसेन सागर व ज्वाला प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त प्रभारी उपनिरीक्षक महिला सहायता प्रकोष्ठ पूनम सिंह, महिला हेड कांस्टेबिल कुमुद, कविता, आरती, व राखी मौजूद रहीं।

## वाल्मीकि बस्ती में बनाया टेंपो स्टैंड लोगों में आक्रोश

**सहसवान, अमृत विचार:** टेंपो चालक एवं कार चालकों ने वाल्मीकि बस्ती में स्टैंड बना लिया है। जिससे मोहल्ले के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बुधवार को लोगों ने बताया कि टेंपो चालक वाल्मीकि बस्ती में टेंपो खड़ा करके सवारियां भर रहे हैं। यहां टेंपो खड़े होने से मोहल्ले के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। निकलने का रास्ता भी नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अवैध टेंपो स्टैंड हटाने की मांग की है।

### जिले में उच्चीकृत हुए सभी बा विद्यालयों में नए सत्र से होनी है कक्षा 9 की पढ़ाई

# कितनी दूर हैं बा विद्यालय, शासन ने तलब की सूचना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों से अन्य विद्यालयों की दूरी की मांगी जानकारी

**अमृत विचार:** शासन ने जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों की जानकारी मांगी है। साथ ही यह भी पूछा गया है कि इनसे सरकारी स्कूलों की दूरी कितनी है। यह सूचना एक प्रारूप पर भरकर विभाग द्वारा इस माह के अंत तक भेजा जाना है। यह सारी कवायद उच्चीकृत हुए बा स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र से कक्षा नौ की कक्षाएं संचालित कराने को लेकर की जा रही है। जिससे अधिक से अधिक गरीब परिवार की छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर सकें।

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें तीन स्कूल नगर क्षेत्र में स्थापित हैं। यहां गरीब परिवार की बेटियों को शिक्षा व खाने पीने की व्यवस्था भी निःशुल्क रहती है। इन स्कूलों को शासन द्वारा उच्चीकृत किया गया था। साथ ही नई बिल्डिंग भी तैयार की गई है। इनमें छह बिल्डिंग विभाग के हैंडओवर हो गईं हैं। शेष इस माह या फिर फरवरी माह में हैंडओवर हो जाएंगी। इन स्कूलों में एक अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र से कक्षा नौ और 11 की कक्षाएं संचालित कराने को लेकर कवायद चल रही है। इसी के चलते शासन ने बा स्कूलों के संबंध में जानकारी बेसिक शिक्षा विभाग से मांगी है। राज्य परियोजना निदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे अपने आदेश में कहा है कि जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों से अन्य संचालित सरकारी स्कूलों की दूरी कितनी हैं और वह स्कूल किस कक्षा तक संचालित हो रहे हैं। यह सूचना इस माह के अंत एक प्रारूप पर भरकर विभाग को शासन के लिए भेजा जाना है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि नए शैक्षिक सत्र में गरीब परिवारों की बेटियां अधिक से अधिक संख्या में इन स्कूलों में प्रवेश ले सकें।

# बदला मौसम कर रहा लोगों को बीमार जिला अस्पताल में मरीजों की भरमार

## अस्पताल में दो से तीन गुना तक बढ़ गई सर्दी-बुखार से संक्रमित मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचे तीन सौ मरीजों में से 188 को था बुखार, जुकाम
- बोले चिकित्सक- गर्म कपड़े पहने और ठंडे पानी का न करें सेवन


ओपीडी के बाहर मरीजों की लगी लाइन।

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव आते ही शरीर का तापमान भी घटने-बढ़ने लगा है जिससे लोगों को सर्दी जुकाम और बुखार की शिकायत होने लगी है। बुखार की चपेट में आकर लोग अस्पताल की ओर दौड़ रहे हैं। अचानक अस्पताल में मरीजों की संख्या दो से तीन गुना तक बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि इस समय गर्म कपड़े ही पहने और ठंडे पेय पदार्थ न लें।

कड़ाके की ठंड के बाद पिछले एक सप्ताह से धूप खिल रही है। सर्द हवाओं के बाद अचानक तेज धूप ने लोगों को राहत दी तो लोगों ने गर्म कपड़े पहनने बंद कर दिए। धूप ने ठंड से राहत तो दी लेकिन अचानक गर्म कपड़े छोड़ देने से लोग सुबह शाम हो रही सर्दी की गिरफ्त में आ गए। बच्चे, युवा व बुजुर्ग बुखार मुकाम की चपेट में आकर बीमार पड़ गए। बुधवार को जिला अस्पताल में फिजीशियन डॉ. अलंकार सोलंकी ने करीब तीन सौ मरीज देखे जिसमें 188 मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार निकला। इन लोगों का कहना था कि उन्हें अचानक बुखार आया। अलंकार सोलंकी ने बताया कि सुबह से दोपहर तक मरीजों की लाइन लगी रही। चिकित्सकों ने मरीजों को सलाह दी कि इस समय गर्म कपड़े ही पहनें, ठंडा पेय पदार्थ न लें। घर से बाहर कम ही निकलें और धूप होने पर भी गर्म कपड़े ही पहन कर बाहर निकलें। यहीं हाल निजी अस्पतालों का भी रहा।

उधर अन्य डॉक्टरों के पास भी मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। मरीजों की भीड़ बढ़ते ही महिला व पुरुष वार्ड भी फुल हो गए। कई मरीज बुधवार को भर्ती किए गए। मौसम में आ रहे बदलाव के चलते करीब सौ सांस के रोगी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने देख कर दवाएं दी और इनमें से कई मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

### सर्दी में कम होता है कुपोषण

कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को एनआरसी वार्ड में रखा जाता है। जिला अस्पताल में यह वार्ड सर्दी के मौसम में खाली रहा। पिछले 50 दिन से वार्ड में दो से चार बच्चे ही भर्ती रहे। बुधवार को दो कुपोषित बच्चे भर्ती थे। नोडल अधिकारी अलंकार सोलंकी ने बताया कि कुपोषण बीमारी ठंड के मौसम में कम होती है। गर्मी के मौसम में बच्चे इस बीमारी की चपेट में अधिक आते हैं।

> जिला अस्पताल में एक सप्ताह से मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। मौसम सर्द और गर्म होने के कारण सांस रोगियों की परेशानी बढ़ रही है। कमजोर महिलाएं भी बुखार की चपेट में आ रही है। पुरुष वार्ड चार दिन पहले तक खाली था जो आज पूरा भर गया है। इसी तरह अन्य वार्ड भी मरीजों से भरते जा रहे हैं। **- डॉ. कप्तान सिंह-** सीएमएस

# विभाग को मिला आदेश बीएसए ने नहीं किए रिलीव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निर्वाचन आयोग के आदेश पर पांच खंड शिक्षा अधिकारियों का किया स्थानांतरण
- ट्रांसफर पाने वालों को तत्काल रिलीव करने के निर्देश फिर भी नहीं भेजे गए

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग ने जिले के पांच बीईओ का स्थानांतरण किया है। जिसका आदेश भी विभाग को प्राप्त हो चुका है। वहीं अन्य जनपदों से भी जिले में पांच खंड शिक्षा अधिकारी भेजे गए हैं। लेकिन ट्रांसफर पाने वाले अधिकारियों को शिक्षा अधिकारी ने कार्यमुक्त नहीं किया है और न ही आने वालों को ज्वाइन कराया है। जबकि ट्रांसफर पाने वालों को तत्काल रिलीव करने के निर्देश हैं।

जिले के विभिन्न विकास खंडों में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, सुनील कुमार शर्मा, हर्षित शर्मा, अमूल कुमार और शशांक शुक्ला का निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानांतरण किया गया है। इन अधिकारियों को तत्काल रिलीव करने के आदेश भी आयोग द्वारा दिए गए। जिस पर अमल करते हुए शासन ने इन खंड शिक्षा अधिकारियों की नवीन तैनाती करते हुए बीएसए को कार्यमुक्त के लिए पत्र जारी कर दिया। विभाग को शासन से भेजा गया पत्र प्राप्त हुए तीन दिन से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन अभी तक विभागीय अधिकारी द्वारा उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया है। यह स्थिति तब हैं जब शासन द्वारा शिक्षा अधिकारी को भेजे गए पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्थानांतरण पाने वाले अधिकारियों को कार्यमुक्त कर उसका प्रमाण पत्र विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाए। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी शासन के आदेशों को दरकिनार किए हैं।

> आदेश प्राप्त हो गया है। अभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्यमुक्त नहीं किया गया है। जल्द ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। साथ ही इसकी सूचना भी दी जाएगी। **- स्वाती भारती, बीएसए।**

## सार- संक्षेप

### 50 करोड़ की लागत से अधिक की परियोजनाओं को समय से करें पूरा



**बदायूं।** बुधवार को विकास भवन सभागार में मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी मनोज कुमार और मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने अधिकारियों को समय पर कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। बीएसए को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में 19 पैरामीटरों पर कराए जा रहे कार्य गुणवत्ता करवाने और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन निर्धारित मानक अनुसार बच्चों को खिलाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी संबंधित विभागाध्यक्ष निश्चित करें कि फरवरी में विद्यालयों का निरीक्षण 26 फरवरी तक शत प्रतिशत निरीक्षण पूर्ण कर लें। वहीं डीपीओ को आदेशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार की समय से आपूर्ति हो। चयनित लर्निंग लैबों को 10 दिनों में पूर्ण कर लिया जाए। समस्त खंड विकास अधिकारी प्रत्येक विकास खंड में चार-चार मॉडल शॉप 15 दिनों में पूर्ण कराकर उद्घाटन कराएं। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### आरएसएस के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर जैन के निधन से शोक



**उझानी।** आरएसएस और भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर जैन का बुधवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया वह 99 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पैतृक निवास पर आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा तमाम लोग शोक संवेदना व्यक्त पहुंच गए। कछला गंगा घाट पर 22 फरवरी को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बाबूजी नंदकिशोर जैन की कमी पार्टी को हमेशा खलेगी। पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, राहुल शंखधार, गोपी बल्लभ शर्मा, राजीव गोयल, पवन वार्ष्णेय, शिवकुमार माहेश्वरी आदि ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके पुत्र राकेश जैन व नाती अर्जित जैन को ढांढस बंधाया।

### भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू




**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। किसानों का कहना है कि समस्याओं के निस्तारण तक धरना जारी रहेगा। बुधवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव व युवा जिलाध्यक्ष रामलखन यादव एडवोकेट के नेतृत्व में किसान धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष रामचंद्र ने कहा कि प्रशासन को ज्ञापन देकर बार बार समस्याओं की जानकारी दी गई, लेकिन आज तक किसी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। गांव पैगा भीकमपुर में लेखपाल संदीप द्वारा चकमार्ग की गलत तरीके से पैमाइश करना, नौली गांव में खाता सं 000684 को भू-माफिया से कब्जा मुक्त कराना, अलीपुर चिचैटा में जल निगम द्वारा नकली सामग्री लगाना सहित किसानों की कई अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। युवा जिलाध्यक्ष राम लखन यादव एड. ने कहा कि जब तक समस्त समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना स्थल पर रामतीर्थ सिंह यादव, रामचंद्र यादव, महेश सिंह यादव, रतिराम सिंह, आराम सिंह शिशुपाल सिंह यादव, चंद्रभान, रामपाल, किशनवीर, जयपाल सिंह, जयनारायण, प्रमोद कुमार, बिजेंद्र सिंह, रामपाल, भुवनेश दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

### पालिका बोर्ड की बैठक में साढ़े इकतीस करोड़ का बजट पारित



**बिसौली।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में वर्ष 2024-2025 का बजट सभासदों ने पारित कर दिया। बजट में अनुमानित आय 31 करोड़ 51 लाख 72 हजार तथा अनुमानित व्यय 31 करोड़ 51 लाख 52 हजार रुपये आंका गया है। बुधवार को सभागार में हुई पालिका बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन अबरार अहमद ने कहा कि नगर के विकास कार्यों के लिए उनके द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सभासदों ने सड़कों के जीर्णोद्धार, नाला निर्माण, पथ प्रकाश, पेयजल व्यवस्था, गोवंश संरक्षण, साफ सफाई को लेकर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद प्रस्तावित बजट को पारित कर दिया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, अभीक्ष पाठक, आशुतोष पाठक, गंगा देवी, सरिता पाठक, अमरपाल, दीपक पाठक, शिवशंकर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# राहतः नई पॉश मशीन से लिंक होगा कोटेदारों का कांटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- घटतौली पर लगाम लगाने को शासन ने शुरू की नई व्यवस्था

**अमृत विचार:** पीलीभीत व शाहजहांपुर के बाद अब जनपद में भी घटतौली पर लगाम लग जाएगी। अगले महीने से कोटेदारों के कांटे नई पॉश मशीनों से जुड़ जाएंगे। इस माह के अंत तक 1476 मशीनें विभाग मिल जाएंगीं। इसके बाद से कार्ड धारकों को पूरा खाद्यान्न मिलने लगेगा। जितना एक कार्ड धारक को राशन आवंटित होगा उतना ही राशन तौला जाएगा।

जिले में 1476 राशन की दुकानें हैं। इन दुकानों से जिले के पांच लाख 25 हजार से अधिक कार्ड धारकों को खाद्यान्न मिलता है। कार्ड धारकों को कोटेदार अंगूठा लगाने के बाद ही राशन देते हैं। इसके बाद भी उन्हें पूरा राशन नहीं मिल पाता। राशन विक्रेताओं की मनमानी रोकने के लिए शासन स्तर पर नई व्यवस्था को शुरू किया है। इस व्यवस्था के तहत जिले में संचालित राशन कोटेदारों की दुकानों पर नई ई-पॉश मशीनें लगाई जाएंगी। ये ई-पॉश मशीनें कोटेदारों की तौल मशीनों से जुड़ेंगी। लोगों को जितना भी राशन दिया जाएगा उसकी फीडिंग मशीनों के जरिये शासन स्तर तक पहुंचेगी। इसके जरिये यह रिकार्ड रहेगा कि किस राशन विक्रेता ने किस राशन कार्ड धारक को कितने किग्रा. राशन दिया है। यह व्यवस्था अगले माह से लागू कराने की तैयारी की जा रही है। विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि फरवरी माह के अंत तक नई ई-पॉश मशीनें विभाग को मिलने जा रही हैं। पीलीभीत और शाहजहांपुर के बाद अब जिले में आने वाली हैं। कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

> ई-पॉस मशीनों को बदला जाएगा। इससे घटतौली की समस्या का निस्तारण और राशन विक्रेताओं की मनमानी भी रुकेगी। मशीनें तीन से चार दिन में मिल जाएंगीं। इसके अगले महीने से नई व्यवस्था के तहत राशन का वितरण होगा। **- रमन मिश्रा,** जिला पूर्ति अधिकारी।

# एडी हेल्थ की फटकार के बाद फिर शुरू हुए अल्ट्रासाउंड


अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर खड़ीं महिलाएं ● अमृत विचार


अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर बैठी महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमएस से अभद्रता के बाद बंद कर दिए थे अल्ट्रासाउंड
- जिलाधिकारी ने दिया निर्देश महिलाओं को न हो परेशानी

**अमृत विचार : जिला** महिला अस्पताल में सीएमएस के साथ की गई अभद्रता के बाद गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड बंद कर दिए गए थे। जिसके चलते चार दिन से गर्भवती चक्कर लगा कर लौट रही थीं। इस मामले में एडी हेल्थ ने सीएमएस को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए जाएं जिससे शिकायत का मौका न मिले और न ही महिलाओं को परेशानी हो। एडी हेल्थ की फटकार के बाद बुधवार से अल्ट्रासाउंड शुरू कर दिए गए।

चार दिन पूर्व जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने आई एक महिला ने सीएमएस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। जिसके बाद महिला के पति ने सीएमएस के साथ अभद्रता की थी। सीएमएस ने कोतवाली में महिला व उसके पति के खिलाफ तहरीर दी थी। सीएमएस ने कहा था कि जब तक हमलावर पकड़ा नही जाता है तब तक वह अल्ट्रासाउंड नहीं करेंगे। अल्ट्रासाउंड कक्ष में चार दिन से ताला पड़ा होने से गर्भवती महिलाएं चक्कर लगा कर लौट रहीं थीं। महिलाओं ने मामले में डीएम मनोज कुमार से शिकायत की थी। कुछ लोगों ने एडी हेल्थ पुष्पा पंत के समक्ष यह मामला उठाया था। महिलाओं की परेशानी को देखते हुए एडी हेल्थ ने सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा को हिदायत देते हुए कहा कि महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए जाएं जिससे किसी को शिकायत का मौका न मिले। उधर डीएम ने भी प्रभारी सीएमओ को भी निर्देशित किया।

### हंगामे के बाद बढ़ी अस्पताल की सुरक्षा

जिला महिला अस्पताल में हुए प्रकरण के बाद सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर अंदर तक पुलिस तैनात कर दी गई है। हर आने जाने वाले से पूछताछ की जा रही है। बिना कार्य के घूमने वालों को बाहर किया जा रहा है। पर्चा काउंटर पर अधिक भीड़ होने पर पुलिस कर्मी लाइन लगवा रहे हैं।

> एडी हेल्थ पुष्पा पंत के निर्देश के बाद महिलाओं के अल्ट्रासाउंड शुरू कर दिए गए हैं। महिलाओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए बुधवार को अल्ट्रासाउंड कक्ष का ताला खोल दिया गया। कई महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए गए हैं। **- डॉ. चंद्रकांत वर्मा,** सीएमएस।

**दिक्कत** | मुसीबत बने हुए हैं निराश्रित गोवंश, ग्रामीणों ने की गोशाला में रखने की मांग

# निराश्रित गोवंश से फसल का बचाव करते बीमार पड़ गए किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रात में रखवाली कर रहे किसानों पर हमलावर हो जाते हैं पशु, कई किसानों की हो चुकी है मौत
- जंगली सूअरों का भी बढ़ रहा आतंक, आलू की फसल को कर रहे हैं बर्बाद


रात को खेतों में फसल की रखवाली करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में निराश्रित गोवंश किसानों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। रात भर किसान फसलों की रखवाली कर रहे हैं जिससे दर्जनों किसान बीमार पड़ रहे हैं। पशुओं के हमले से बचने के लिए रात को दस दस किसान एकत्र होकर खेत में जा हैं। इस समस्या से जूझ रहे किसानों ने सरकार से मांग की है कि गोवंश को गोशाला में रखा जाए जिससे फसलें सुरक्षित रह सकें।

क्षेत्र में पिछले काफी समय से गोवंश किसानों को सिरदर्द बने हुए हैं। ये फसल को चौपट कर रहे हैं और किसानों पर हमले कर रहे हैं। खेत से भगाने पर सांड़ किसानों पर हमलावर हो रहे हैं। अब तक कई किसान घायल हो चुके हैं। कई की मौत हो चुकी है फिर भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

मंगलवार की रात 11 बजे अलापुर के ग्राम उपरैला के दर्जनों किसान खेतों पर फसलों की रखवाली करते मिले। किसानों ने बताया कि वह शाम आठ बजे से खेतों पर आ जाते हैं और 11 बजे तक खेतों पर ही रहते हैं। सांड़ को भगाने पर वह हमला कर देते हैं। गांव के मोरपाल और महेश को सांड़ घायल कर चुके हैं इसलिए दस दस लोग इकट्ठे होकर फसलों की रखवाली करते हैं। किसानों ने बताया कि इस क्षेत्र में करीब पांच सौ गोवंश खेतों में घूम रहा है। इनके साथ ही करीब चार दर्जन सांड़ हैं जो किसानों को देखते ही हमलावर हो जाते हैं। खेतों में खड़ी फसल को बचाने के लिए किसान पूरी रात सर्द हवाओं में रहते हैं जिससे कई किसान बीमार पड़ चुके हैं। किसानों ने बताया कि गांव के प्रधान और सचिव से कहा गया कि गोवंश को गोशालाओं में रखा जाए फिर भी वह लोग कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। वहीं, जंगली सुअरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आलू की फसल को सूअर बर्बाद कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन ने इस समस्या को लेकर कई बार बार धरना प्रदर्शन कर निराश्रित गोवंश पर रोक लगाने की मांग भी की। उधर, जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि गोवंश को गोशालाओं में रखा जाए। कोई पशु खेतों में घूमता न मिले। लेकिन फिर भी हाल बेहाल है। शहरों से लेकर गांव तक में छुट्टा गोवंश की समस्या से लोग परेशान हैं।


शाम आठ बजे से रात 11 बजे तक खेतों में फसलों की रखवाली करनी पड़ती है। कई लोग एकत्र होकर आते हैं। सांड़ों को भगाने पर वह हमलावर हो जाते हैं दो किसानों को सांड़ घायल कर चुके हैं। **- आदेश** - उपरैला


आस पास के करीब दस गांव के लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। गोशालाओं में गोवंश को पहुंचाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रधान और सचिव लापरवाही बरत रहे हैं। फसलें नष्ट हो रही हैं। **- विशाल राजपूत**


गांव में बनी गोशाला में दस पंद्रह गोवंश हैं, जबकि खेतों में सैकड़ों की संख्या में गोवंश घूम रहे हैं। इन गोवंशों से फसलों को बचाने के लिए रात भर जागना पड़ता है। रात को जागने से किसान बीमार पड़ रहे हैं। **- सनी कुमार**


रात को खेतों में लोग अधिक मिलते हैं गांव में कम होते हैं। फसलों को बचाने के लिए किसान जान जोखिम में डाल कर रखवाली करते हैं। प्रशासन पूरी तरह मौन बना बैठा है। शासन स्तर से चुप्पी साध ली गई है। **-उदयवीर।**

# प्रश्नोत्तरी में स्नेहा को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को हिंदी विभाग की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

डॉ अंशु सत्यार्थी एवं डॉ प्रेमचंद चौधरी के देखरेख में संपन्न हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा स्नेहा पांडेय को मिला। दूसरे स्थान पर सचिन यादव रहे। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से बंटी सागर एवं कुमारी नन्ही को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में पहला स्थान शिवकुमार, स्नेहा पांडेय को दूसरा और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से शगुन शर्मा और प्रीति यादव को मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. बबीता यादव, डॉ. हुकुम सिंह एवं डॉ. ज्योति बिश्नोई ने निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।


आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8307111100, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली




# 26 साल पुरानी रंजिश में सुपारी देकर कराई गई थी बांके लाल की हत्या

## कुंवरगांव क्षेत्र में 12 फरवरी को काट कर अलग कर दी गई थी बिहारी गौटिया के ग्रामीण की गर्दन, तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तकरीबन 26 साल पहले युवक की हत्या के शक में सुपारी देकर कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बिहारी गौटिया निवासी मुकद्दम उर्फ बांके लाल की हत्या कराई गई थी। पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से गंडासा, पौनिया, तमंचा और छह जिंदा कारतूस बरामद किए है। कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अभी एक हत्यारोपी फरार है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी और एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बुधवार को हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

गांव बिहारी गौटिया निवासी मुकद्दम उर्फ बांके लाल की 12 फरवरी की रात निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे एक ट्यूबवैल पर गला काटकर हत्या कर दी गई थी। सिर धड़ से अलग था। मृतक के भाई राजपाल ने जमीन की रंजिश की वजह से हत्या करने का आरोप लगाते हुए गांव के चार लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुरूआत से ही पुलिस हत्याकांड के पीछे किसी और का हाथ होना मान रही थी। पुलिस और एसओजी ने जांच शुरू की। मृतक का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया। जिस पर गांव कैली निवासी पूजा से बातचीत होना सामने आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। वह हर बार अलग-अलग कहानी बताती रही। जिसका आपस में तालमेल नहीं बैठ रहा था। पुलिस ने सख्ती बरती इसके बाद भी वह नहीं टूटी। शक के आधार पर पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्याकांड की कड़ी जुड़ गई। चार लोगों के नाम सामने आए। जिसके बाद पुलिस ने गांव भैसामई निवासी फाजिल पुत्र मुनाफ, गांव कैली निवासी पूजा पत्नी राम सिंह उर्फ लल्ला और गांव दुगरैया निवासी जाबिर पुत्र असलम को गिरफ्तार किया जबकि गांव बिहारी गौटिया निवासी हाकिम पुत्र रामजीत फरार है। 1998 में हुई हत्या के शक में मृतक के भाई हाकिम ने दो लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। बुधवार को एसएसपी ने खुलासा करके हत्यारोपियों के बारे में जानकारी दी। सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौजूद रहे। खुलासा करने वालों में एसओजी प्रभारी नीरज कुमार, कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक इंद्र कुमार, एसओजी के भूपेंद्र कुमार, आजाद कुमार, कुशकांत, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, विपिन कुमार, सचिन झा रहे। **हत्या करने के बाद जाबिर ने मां को दी थी सूचना:** हत्या के बाद जाबिर अपने घर पहुंचा था। उसने अपनी मां को हत्या करने की बात कही थी। मां ने जिलाधिकारी के सामने पेश होने की बात कही लेकिन पुलिस की कार्रवाई के डर से वह भाग गया था। मां ने उसके भाई को बताया। जिसके बाद से गांव में उसके हत्या करने की चर्चा आम हो गई थी।


पुलिस और एसओजी की गिरफ्त में हत्याकांड के तीन आरोपी। ● अमृत विचार


खुलासा करते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। साथ में मौजूद एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव व सीओ सिटी आलोक मिश्रा। ● अमृत विचार

- **1998 में हुई हत्या के शक में मृतक गुलफाम के भाई ने दी थी दो लाख की सुपारी**
- **पुलिस ने गंडासा और तमंचे बरामद कर कोर्ट में पेश किया भेजे गए जेल, एक फरार**

### पुलिस ने नाले से बरामद किया मृतक का मोबाइल

बांके लाल दो मोबाइल चलाते थे। 13 फरवरी की सुबह शव तो मिल गया लेकिन दोनों मोबाइल फोन गायब थे। जिनके नंबर बंद जा रहे थे। पुलिस द्वारा हत्यारोपियों से मोबाइल फोन के बारे में पूछने पर पूजा ने बताया कि उसने शहर के पुलिस लाइन चौराहे के पास नाले में मोबाइल फोन फेंक दिए हैं। मंगलवार रात पुलिस ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से बात करके नाले में जाने वाला पानी रुकवाया। नाले से मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### शोर न हो इसलिए गंडासे से की हत्या

घटना के दौरान हत्यारोपियों के पास पौनिया और तमंचे भी थे लेकिन रात में आसपास खेतों पर किसान काम कर रहे थे। हत्यारोपियों ने सोचा कि अगर गोली मारी तो आवाज होगी और ग्रामीण मौके पर पहुंच जाएंगे। शोर न हो इसलिए गंडासे से गला काटा था।

### फाजिल ने कराया था पूजा के मोबाइल का रिचार्ज

योजना बनाने के बाद बांके लाल को फोन करने के लिए पूजा के मोबाइल में बैलेंस नहीं था। उसने यह बात फाजिल को बताई तो उसने उसका रिचार्ज कराया था। जिसके बाद उसने बांके लाल को फोन कर ट्यूबवैल पर बुलाया था।

### संरक्षण पाने के लिए प्रधान का लिया था नाम

हत्याकांड में गिरफ्तार हुई पूजा बहुत शातिर है। उसके ऊपर हत्या के आरोप में मुकदमा चल रहा है। पुलिस की पूछताछ में उसने एक बार बताया कि वह मौके पर नहीं थी तो अगले ही पल बताया कि वह मौके पर थी। उसने एक गांव के प्रधान अन्य तीन लोगों पर भी साथ होने की बात कही। पुलिस ने उन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की लेकिन उनके मौके पर होने का साक्ष्य नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने सख्ती की तो वह टूट गई। उसने बताया कि प्रधान का क्षेत्र में रसूख है। मामले में अगर प्रधान को फंसा लिया तो वह खुद को बचाने के साथ हमें भी बचा लेगा।

### रुपये लेकर प्रधान को छोड़ने का आरोप

पुलिस के खुलासा करने के बाद मृतक बांके लाल के परिजन और ग्रामीण बदायूं पहुंचे। उन्होंने पुलिस के खुलासे पर सवाल उठाए हैं। मृतक के भाई राजपाल ने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी को रुपये लेकर छोड़ दिया है। हालांकि उनकी किसी भी अधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी।


पुलिस के खुलासे पर सवाल उठाते मृतक बांके लाल के परिजन।

### हाथ तो किसी ने पकड़े पैर और गंडासे से किया जोरदार वार

गांव बिहारी गौटिया में साल 1998 में गुलफाम की हत्या कर दी गई थी। मामले में गांव के कई लोग जेल गए थे। पुलिस की जांच में मुकद्दम उर्फ बांके लाल का हत्या में कोई रोल नहीं था लेकिन मृतक गुलफाम के परिजनों को शक था कि बांके लाल ने ही गुलफाम की हत्या कराई है। मृतक गुलफाम के भाई हाकिम की पास के गांव निवासी आपराधिक प्रवृत्ति के फाजिल से दोस्ती थी। जिसे बांके लाल भैंस चोरी में नामजद करा चुके थे। हाकिम ने उससे संपर्क किया। बांके लाल की हत्या की सुपारी दो लाख रुपये में दी। फाजिल ने अपने साथी जाबिर और दोस्त पूजा के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। पूजा ने फोन कर बांके लाल को ट्यूबवैल पर बुलाया और शराब पिलाई। नशे में होने पर पूजा ने बांके के हाथ पकड़े और मुंह दबाया। फाजिल ने पैर पकड़े और जाबिर ने गंडासे से गर्दन काटकर हत्या कर दी।

## एक नजर

### बरेली के कटरी कांड के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**बदायूं।** बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र में जनवरी 2023 में कटरी की जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। दोनों पक्ष की ओर से फायरिंग हुई थी। जिसमें दोनों पक्ष के तीन लोगों की हत्या हुई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हुई थी जबकि दो आरोपी बरेली निवासी गेंदनलाल और पुसपाल फरार चल रहे थे। कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने वाहन और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान दोनों को रोडवेज चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने रिकार्ड देखा तो उनके फरार रहने की जानकारी हुई। फरीदपुर पुलिस को सूचना दे दी गई है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि चेकिंग के दौरान तमंचे के साथ दो लोगों को पकड़ा था। बाद में उनके कटरी में हुए हत्याकांड के आरोपी होने की जानकारी हुई।

# स्कूल से नाती को लेकर लौट रही महिला के कुंडल खींचे

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बुधवार की दोपहर नगर के मोहल्ला संख्या पांच के वार्ड संख्या 25 की घनी आबादी के बीच स्कूल से अपने नाती को लेकर घर लौट रही एक महिला के कानों से सोने के कुंडल खींच कर एक बदमाश फरार हो गया। पीड़िता ने सूचना थाना पुलिस को दी है। पिछले आठ दिन में यह तीसरी घटना है। दिनदहाड़े हो रही इन घटनाओं से महिलाओं में दहशत का माहौल है।


पीड़ित महिला प्रमोद कुमारी

नगर के मोहल्ला संख्या पांच के वार्ड 25 निवासी प्रमोद कुमारी पत्नी प्रेमी नरेश वाष्णेय बुधवार की दोपहर करीब दो बजे जेपी जैन स्कूल से नाती को लेकर वापस घर लौट रही थी।

- **बदताशों ने आठ दिन में तीसरी घटना को दिया अंजाम, महिलाओं में दहशत**

घर पहुंचकर उन्होंने जैसे ही दरवाजा खोला।

तभी पीछे से आए उच्चके ने उनके कानों के कुंडल को खींच लिया। उचक्के के हाथ एक सोने का कुंडल लगा उसे लेकर वह फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि उनके कुंडल की कीमत वर्तमान में करीब दस हजार रुपये से अधिक होगी। परिवार के लोगों ने सूचना थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। बताते है कि नगर में पिछले आठ दिन में महिलाओं के कुंडल खींचने की तीसरी घटना है। बावजूद इसके थाना पुलिस अभी तक किसी भी झपटमार को नहीं पकड़ सकी है।

### घर से लाखों की चोरी, शादी में गया था परिवार

**बदायूं।** सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रहीथाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मोहल्ला हीरो कॉलोनी नरऊ बुजुर्ग निवासी राजीव कुमार पुत्र महिपाल सिंह मंगलवार रात घर में ताला लगाकर रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए हुए थे। उनकी पत्नी और बच्चे उनसे पहले ही जा चुके थे। मंगलवार की रात ताला तोड़कर घर में घुसे चोर एलईडी, आभूषण एवं नगदी चुरा ले गए। राजीव जब घर वापस आया तो ताला टूटा देखकर उयके होश उड़ गए। राजीव के अनुसार चोरों ने 1 तोला सोना, 10 चांदी के सिक्के, 40 हजार रुपये की नगदी और एक टीवी चोरी कर ली है। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि सीसीटीवी के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## आभूषण और नगदी लूट के आरोपी को दस साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सोने के आभूषण और नगदी लूट के आरोपी को विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र योगेश कुमार ने दस साल के कठोर कारावास समेत 10 हजार रुपये का जुर्माना डाला है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव पडेली बझेड़ा निवासी लक्ष्मन सिंह पुत्र धनपाल सिंह ने 29 अगस्त 2014 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने लिखा कि वह अपने भतीजे विकास को दवा दिलाने गांव से भीकमपुर के रास्ते गांव सबलपुर पत्नी रेखा और छोटे भाई की पत्नी प्रेमवती, साला राजू, गांव के दीपू, मुनेंद्र पाल सिंह तांगा मलिक धनपाल सिंह के तांगे से जा रहे थे। गांव से तकरीबन आधा किलोमीटर दूर

- **दोषी पर 10 हजार रुपये लगाया जुर्माना, पृथक की गई दूसरे आरोपी की पत्रावली**

देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे दो बदमाश सड़क के किनारे से निकलकर सामने आ गए और तांगा रोक लिया। बाइक सवार दो बदमाश सामने से आए। चारों ने तमंचा दिखाकर उनकी चेन और पत्नी के कुंडल व अंगूठी, सात हजार रुपये लूट लिए। उन्होंने एक बदमाश को पकड़ लिया। न्यायालय में बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव रायपुर नवादा निवासी मोरपाल पुत्र वीरेंद्र के खिलाफ लूटपाट करने का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने दलीलों को सुनने के बाद मोरपाल को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। जबकि दूसरे आरोपी कल्लू की पत्रावली पृथक कर दी गई है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की ट्रक से भिड़ंत, पीलीभीत के चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में मंगलवार रात ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित हुई। तेज रफ्तार से आए ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में पीलीभीत निवासी ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पीलीभीत के थाना अमरिया क्षेत्र के गांव हर्रायपुर निवासी प्रेमपाल (30) मंगलवार देर रात आलू का काम करने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आगरा स्थित कोल्ड स्टोर जा रहा था। साथ में कुछ और मजदूर भी थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में नवादा तिराहे पास पहुंचे तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। इसी दौरान

- **मंगलवार रात कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में नवादा तिराहे पास हुआ हादसा**

पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर चालक प्रेमपाल ट्रैक्टर और ट्रक के बीच फंस गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। खासी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर और ट्रक के बीच फंसे प्रेमपाल को बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों के आने के बाद बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### बुग्गी में घुसे बाइक सवार युवक की मौत

**सहसवान ।** कोतवाली सहसवान क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसोरा निवासी जोगेंद्र, रतनपाल और रामनिवास मंगलवार शाम एक बाइक से जरीफनगर क्षेत्र के गांव कांकसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कोतवाली सहसवान क्षेत्र में कछला मार्ग स्थित पैरामेडिकल कॉलेज के पास उनकी बाइक सामने जा रही बुग्गी से जा टकराई। बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई। चिकित्सक ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने रामनिवास (40) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

### पैतृक मकान को अवैध रूप से बेचने का आरोप

**म्याऊ, अमृत विचार :** तहसील दातागंज क्षेत्र के भुड़ेली निवासी अहिलकार सिंह पुत्र जसा सिंह ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पैतृक मकान को अवैध रूप से बेच दिया गया। अब उस पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम भुड़ेली निवासी अहिलकार ने एसडीएम को बताया कि 1965 से वह अपने पैतृक मकान में रह रहा है। उस मकान को दियोरिया बरसुनिया निवासी उल्फत पुत्र कुंवर सहाय ने अवैध रूप से भुड़ेली के ही प्रेमपाल पुत्र मैकू के नाम कर दिया जिसके बाद प्रेमपाल उस जगह पर निर्माण कार्य करा रहा हैं। पीड़ित ने उक्त निर्माण रुकवाने व मकान वापस दिलाने की गुहार की है। पीड़ित ने कहा है कि राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

# पति पर तमंचे के बल पर अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार:** एक महिला ने अपने पति पर तमंचे के बल पर उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप लगाया है। ससुरालवालों से शिकायत की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। जिससे निराश पीड़िता कोर्ट की शरण में पहुंची। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 4 फरवरी 2022 को बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी विनोद के साथ हुई थी। उसके पिता द्वारा दिए दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि पति दवाओं से नशा करने का आदी है। नशा करके वह उसे मोबाइल में जबरन अश्लील वीडियो दिखा कर अप्राकृतिक कृत्य करने की कोशिश करता है। उसने सास, जेठानी से शिकायत की तो उन्होंने भी पति का साथ दिया। आरोप है कि 9 मई को उसे कमरे में बंद कर दिया। पति नशे में धुत होकर आया। तमंचे के बल पर गलत काम करने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर कनपटी पर तमंचा रख दिया।

- **कोर्ट ने बिसौली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का दिया आदेश**

शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। रस्सी से उसके हाथ और पैर बांधे और अप्राकृतिक कृत्य कर अश्लील वीडियो बना ली। ससुर और जेठ से शिकायत की तो उन्होंने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और घर से बाहर निकाल दिया। माता-पिता के साथ थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। महिला का आरोप है कि उसने जो शिकायत की पुलिस ने उसके हिसाब से रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। अब कोर्ट ने कोतवाली बिसौली पुलिस को महिला के पति, सास-ससुर, जेठ, जेठानी के खिलाफ महिला के शिकायती पत्र पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

### दहेज हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**बदायूं।** थाना मुजरिया में कस्बा निवासी रामवरन, पप्पू पाली और सुशीला के खिलाफ दहेज के हत्या के आरोप में साल 2021 में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सहसवान सीओ रामकरन सिंह ने विवेचना की। आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस ने ऑपरेशन कंविक्शन के अंतर्गत मुकदमा चिंह्नित किया। तेजी से पैरवी की। बुधवार को कोर्ट ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट

सहसवान। महिला ने गांव के एक युवक पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने थाने में शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमरपुरा निवासी महिला ने बताया कि उसका पड़ोसी सत्यप्रकाश पुत्र लालाराम आए दिन शराब के नशे में दरवाजे पर खड़े होकर गाली गलौज करता है। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और घर में घुसकर मारपीट की।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित डीसीएम ने मारी टक्कर, तीन घर क्षतिग्रस्त

**उझानी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में डीसीएम की टक्कर से तीन घरों में नुकसान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है। बुधवार को कादरचौक से आलू भरकर उझानी की ओर आ रही डीसीएम उझानी क्षेत्र के गांव पतौरा पहुंची अचानक अनियंत्रित होकर सौरभ पुत्र सोहनपाल के मकान से टकरा गई जिससे उनके मकान की छत गिर गई, वहीं डीसीएम के मकान से टकराने के कारण ब्रह्मानंद शर्मा व संजीव शर्मा के मकान की दीवार गिर गई। जिससे काफी नुकसान हो गया। हादसे के बाद मकान स्वामियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया। बताया गया है कि हादसे के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो जाने के बाद मामला रफा दफा कर दिया गया।

### व्यापारी को व्हाट्सएप कॉल कर मांगी 50 लाख रंगदारी

**उझानी।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला श्रीनारायणगंज निवासी सराफा व्यापारी प्रदीप गोयल की रामलीला मैदान के पास दुकान है। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे उनके व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आई। उन्होंने कॉल उठा ली। सामने वाले व्यक्ति ने व्यापारी के बारे में पूरी बात बताई और उन्हें धमकाने लगा। कहा कि अगर अपने बेटे की खैर चाहते हो तो 50 लाख रुपये भेज दो। रुपये स्थानांतरित करने के लिए एक मोबाइल नंबर दिया। व्यापारी ने कोतवाली उझानी पुलिस को सूचना दी। कहा कि वह एक स्कूल शुरू करने जा रहे हैं। व्यापार और स्कूल के काम के लिए बेटे को बाहर जाना पड़ता है। उनके साथ कभी कोई घटना हो सकती है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली थी। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

### टेंपो और ट्रक की भिड़ंत में नौ घायल

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में दातागंज मार्ग पर एचपी इंटरनेशनल स्कूल के सामने टेंपो और ट्रक की भिड़ंत हो गई। टेंपो में सवार कुंवरगांव क्षेत्र के गांव खाजपुर निवासी अरमान पुत्र अनवर, गांव बमेया के इशाक पुत्र मोहम्मद मियां, दातागंज के राजीव पुत्र प्रकाश, हसनपुर निवासी शमीम पुत्र मोहम्मुद्दीन, थलिया नगला निवासी अशोक मिश्रा पुत्र कैलाश नारायण, दुमाई हटोरा निवासी सत्यपाल पुत्र रघुराज सिंह और सराय के सद्दाम पुत्र इसरार, अहोरामई के मेहुल पुत्र मिथुन सिंह, बिहारीपुर के टिंकू पुत्र हाकिम सिंह घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने टेंपो को मार्ग के किनारे कराया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, युवक की मौत

**बिसौली।** संभल के धनारी क्षेत्र के गांव बगढेर निवासी छत्रपाल की बहन की शादी कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव भानपुर निवासी चंद्रपाल पाली के साथ हुई है। बुधवार को छत्रपाल अपने चचेरे भाई नवल किशोर के साथ बाइक से बहन के घर जा रहा था। गांव रमपुरिया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। छत्रपाल का सिर पेड़ से टकराया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नवल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों भाइयों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सक ने छत्रपाल को मृत घोषित कर दिया। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# बिजली के खंभे से चिपक कर गोवंश की मौत, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में जगह-जगह खुली पड़ी अंडरग्राउंड केबल में करंट आ रहा है। बुधवार को लोची नगला में करंट वाले तार की चपेट में आने से गोवंश की मौत हो गई। जिससे गुस्साए लोगों ने हंगामा किया और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

शहर के मोहल्ला शहवाजपुर बाईपास के निकट लोची नगला में अंडरग्राउंड केबिल डाली गई हैं। जो कई जगहों पर खुली पड़ी हैं। कई जगह इन्हें खंभों से बांध दिया गया है मगर उनमें करंट दौड रहा है। मोहल्ले के रवि के घर के बाहर लगे खंभे में केबिल बांध कर छोड़ दी गई है। रवि की गाय बुधवार दोपहर को उधर से निकली तो वह केबल की चपेट में आकर वहीं गिर गई और तड़पने लगी। गाय की मौके पर ही मौत हो गई। मोहल्ले के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये। लोगों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कई जगहों पर केबिल खुली छोड़ दी है जिसमें करंट आ रहा है। कई बार शिकायत अफसरों से की गई, मगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी एक गाय की करंट से मौत हो चुकी है। अधिकारियों से शिकायत की गई, फिर भी केबिल को अंदर नहीं किया गया। यहां से बच्चे और बड़े गुजरते हैं। विभाग की लापरवाही से लोगों में भय बना हुआ है।

- **मोहल्ला लोची नगला के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ की नारेबाजी**
- **बोले लोग- कई जगह खुली अंडरग्राउंड केबिल को बांध दिया है खंभों से**

केबिल को कहीं भी खुला नहीं छोड़ा गया है। यदि कहीं तार में करंट आ रहा है तो उसे तुरंत ठीक कराया जाएगा। करंट की चपेट में आने से गाय की मौत की सूचना मिली है। घटना स्थल पर कर्मचारियों को भेजा जाएगा और तार को ठीक जगह पर शिफ्ट कराया जाएगा जिससे फिर कोई हादसा न हो।

– **हरीश कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम।


खंभे से बंधी केबल ।

# बंदरों की घुड़की में छत से गिरकर महिला की मौत

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** जिले में बंदरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बंदरों के हमले में आए दिन लोग घायल हो रहे हैं तो किसी की मौत हो रही है। बंदरों की घुड़की में छत से गिरी एक और महिला की मौत हो गई।


मृतका माया देवी।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कसेर पनौटा निवासी माया देवी (45) पत्नी हरवीर सिंह मंगलवार शाम लगभग पांच बजे सूख रहे कपड़े उतारने के लिए छत पर गई थीं। बंदरों का झुंड छत पर आ गया। माया ने उन्हें भगाने की कोशिश की तो बंदर उन्हें घुड़की देने लगे। उसने पीछे हटकर खुद को बचाने की कोशिश की तो वह छत से घर के बाहर बिछे खड़ंजे पर जा गिरीं। तेज आवाज होने पर परिजन दौड़कर बाहर आए। उन्हें जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने उन्हें भर्ती कर लिया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन देर रात उन्हें हायर सेंटर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने ने दम तोड़ दिया।

- **मंगलवार शाम छत पर सूख रहे कपड़े उतारने गई थीं माया देवी**

## जिले में आज

- कासगंज बार एसोशिएशन द्वारा मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे से।
- भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत विकसित संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सोरों स्थित प्राथमिक विद्यालय में सुबह 11 बजे से।
- श्रीमद्भागवत कथा का वाचन अमांपुर के गांव नाथपुरी के मंदिर पर दोपहर दो बजे से।
- दुबई कर्निवल मेले का उद्घाटन शहर के बारह पत्थर मैदान में शाम छह बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## एक नजर

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी सद्दाम निवासी ग्राम रारा वस्तरमऊ थाना सुन्नगढ़ी को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध कोतवाली में दुष्कर्म का मामला दर्ज था। जिसे पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से जेल भेजा गया है।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे पॉक्सो के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बबलू निवासी मामो को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध एससी एसटी एक्ट सहित पॉक्सो के मामले में वांछित था। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**कासगंज।** सोरों कोतवाली के उपनिरीक्षक कृष्णगोपाल शर्मा ने फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वारंटी रोहित निवासी मुहल्ला मढई कस्बा सोरों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: केंद्रों पर तैयारी पूरी, पुलिस अलर्ट

## स्कूलों में पहुंचकर सीटिंग प्लान देखते रहे विद्यार्थी, शिक्षकों से लिए टिप्स, प्रशासन ने परीक्षा को लेकर कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



सूरज प्रसाद डागा इंटर कॉलेज में प्रवेश पत्र प्राप्त करता परीक्षार्थी।



श्रीगणेश इंटर कॉलेज में सीटिंग प्लान करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा आज यानि गुरुवार से शुरू हो रही है। परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूरी की गईं हैं। जिला प्रशासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। साथ ही परीक्षा केंद्र पर चाक चौबंद व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। संवेदनशील और अतिसंवदेनशील परीक्षा केंद्र चिह्नित कर लिए गए हैं। जिले में 67 केंद्रों पर हाईस्कूल के 22704 और इंटरमीडिट के 18409 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिले में परीक्षा केंद्रों का पहले ही निर्धारण हो चुका था। अब गुरुवार से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं में कहीं कोई लापरवाही न रहे इसको लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। 9 केंद्रों को अतिसंवेदनशील और 10 को संवेदनशील श्रेणी में रखा है। सुबह की पाली में परीक्षा 8:30 बजे से शुरू होगी। गुरुवार को सुबह की पाली में इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा होगी। जबकि द्वितीय पाली में दोपहर दो से शाम 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी और सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। हाईस्कूल हिंदी और प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा सुबह की पाली में होगी। दोपहर की पाली में वाणिज्य की परीक्षा होगी। परीक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। विद्यार्थियों ने स्कूलों में पहुंचकर प्रवेश पत्र प्राप्त की है। सीटिंग प्लान देखा है।

> परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कक्ष निरीक्षकों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दे दिए हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। – **पीके मौर्य**, डीआईओएस

**सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम:** परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। पुलिस ने व्यवस्था बना ली है। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में निरीक्षण करते रहेंगे। थाना प्रभारी भी नजर रखेंगे। परीक्षा केंद्रों पर अनुचित सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

# न्यायालय के फैसले को लेकर खुश दिखाई दिए आप कार्यकर्ता



मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- चंडीगढ़ में आप का मेयर बनने के बाद एक दूसरे को खिलाई मिठाई

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर खुशी जाहिर की। आप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे मिठाई खिलाई और इसे लोकतंत्र की जीत बताया।

जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ मेयर मामले में न्यायसंगत फैसला देकर न्यायापालिका का विश्वास और बढ़ाया है। प्रदेश सचिव शिक्षक प्रकोष्ठ मनोज कश्यप कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीत आखिरकार संविधान और लोकतंत्र की हुई। चंडीगढ़ चुनाव में आप उम्मीदावार कुलदीप सिंह के मेयर बनने पर एक दूसरे मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार राजपूत, महिला जिलाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, यूथ विंग जिलाध्यक्ष शिव शंकर दक्ष, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा सिंह बघेल, अनिल कुमार बघेल मौजूद रहे।

# गृहक्लेश के चलते विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मायके वालों ने फिलहाल नहीं लगाया है कोई आरोप

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मेहदी में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव फंदे पर लटका मिला है। पति ने सूचना पुलिस और मायके वालों को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही परिजनों से पूछताछ की है। अभी किसी का कोई आरोप नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव नगला मेहदी निवासी 40 वर्षीय गिरजा देवी पत्नी विजेंद्र ने मंगलवार की शाम घर में ही दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही इसकी जानकारी पति को मिली तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर की अन्य महिलाएं भी रोने-बिलखने लगीं। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पति ने मृतका के भाई रवेंद्र को सूचना। सीओ सिटी अजीत चौहान फॉरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंचे। यहां टीम ने नमूने संकलित किए हैं। साथ ही जांच शुरू की है। इधर मामले में किसी पर कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक पुलिस को कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

> महिला ने गृहक्लेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोई आरोप मायके वालों ने नहीं लगाया है और न ही कोई तहरीर दी है। फिर भी पुलिस मामले की जांच कर रही है। – **सुधीर कुमार सिंह**, इंस्पेक्टर

# पंजीकृत संस्थाओं के छात्र-छात्राओं को ही मिलेगी छात्रवृत्ति

**कासगंज, अमृत विचार:** जिला अल्पसंख्यक अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानार्चाय को निर्देश दिए हैं कि पोर्टल पर पंजीकृत संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा।

संदेहास्पद डाटा के निवारणार्थ के लिए सभी शिक्षण संस्थाएं नियमानुसार कार्रवाई करें। जिससे निर्धारित समयावधि में निजी शिक्षण संस्थाओं के एनएसपी पर पंजीकृत न होने के कारण संदेहास्पद श्रेणी में गए छात्र-छात्राओं के आवेदनों की त्रुटि का निवारण किया जा सके। निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। अन्यथा की स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व आपका निर्धारित होगा।

# मकान का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

संवाददाता, सोरोंजी



घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करती फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

- सीओ ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, गृहस्वामी ने दी तहरीर
- एसपी के निर्देश पर मौके पर पहुंची फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीम

**अमृत विचार :** तीर्थनगरी के कटरा मठ में चोरों ने मंगलवार की रात को बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की नगदी व सोने-चांदी के जेवरात चोर ले गए। गृहस्वामी की सूचना पर सीओ सदर व कोतवाली प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस जल्द ही खुलासे की बात कर रही है।

शहर के मुहल्ला कटरा मठ गली हेतराम सियाराम निवासी शैलेंद्र कुलश्रेष्ठ मंगलवार को अपनी पत्नी निशा का इलाज कराने के लिए अलीगढ़ गये थे। घर के गेट पर ताला लगा हुआ था। चोरों ने इसका फायदा उठाया ओर रात में गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। घर के कमरे में रखी अलमारी खोलकर चोरों ने सोने की चार अगूंठी, चांदी के आठ सिक्के और अलमारी में रखे एक लाख पैंतीस हजार रुपए चोरी कर लिए।

बुधवार दोपहर में जब शैलेंद्र अलीगढ़ से लौट के आए तो गेट का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा था यह देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजराज अवस्थी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर सीओ सिटी अजीत चौहान भी मौके पर पहुंचे। उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले की फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। शैलेंद्र ने बताया कि यह रुपए उसने पत्नी के इलाज के लिए रख रखे थे।

> तहरीर मिल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। – **अजीत चौहान**, सीओ सिटी

# कासगंज-अयोध्या बस चलाने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने एआरएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने कासगंज से अयोध्या के लिए रोडवेज बस चलवाने मांग की। बुधवार को महासभा के पदाधिकारियों बस स्टैंड पहुंचकर एआरएम रोडवेज को मांगपत्र भी सौंपा। एआरएम ने उच्चाधिकारियों से बातचीत कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

बुधवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी कासगंज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन ओम प्रकाश चौधरी से मिले। इस दौरान जिलाध्यक्ष केके सक्सेना के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने के बाद जनपद से लोगों का अयोध्या के लिए आवागमन बना हुआ है। मध्यम वर्ग के लोग भी प्रभु राम के मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं, लेकिन रोडवेज से कोई सुविधा नहीं है और प्राइवेट बसों में यात्रा करना महंगा पड़ रहा है। ऐसे में कासगंज से अयोध्या के लिए बस चलाई जाए। ज्ञापन देने वालों में अचिंत सक्सेना, प्रवेंद्र सक्सेना, विजय सक्सेना, अजय सक्सेना, अभय प्रिय श्रीवास्तव, आशीष सक्सेना, अरविंद सक्सेना, दीपक सक्सेना, वीरेश सक्सेना, अंशुल जौहरी, अजय सक्सेना, कुणाल सक्सेना मौजूद रहे।

# न्यायालयों पर मनमानी का आरोप लगा बार एसोसिएशन ने जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



न्यायालय परिसर में बैठक कर कार्य बहिष्कार का ऐलान करते अधिवक्ता।

- अधिवक्ताओं ने कई न्यायालयों के कार्य का किया बहिष्कार
- दी चेतावनी, कहा बर्दाश्त नहीं की जाएगी मनमानी

**अमृत विचार :** न्यायालयों में मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप अधिवक्ताओं ने लगाया है। बार एसोसिएशन ने कई न्यायालयों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। साथ ही कुछ न्यायालयों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी है। इधर अधिवक्ताओं को स्पष्ट किया है कि यदि बहिष्कार वाले न्यायालयों में कार्य किया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बार एसोसिएशन की बैठक बुधवार को दोपहर तीन बजे अध्यक्ष योगेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। अधिवक्ता परिसर में हुई बैठक में महासचिव चेतन चौहान की भी अहम भूमिका रही। पदाधिकारियों ने आपस में चर्चा की। अधिवक्ताओं ने अवर न्यायालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर आक्रोश जताया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय द्वारा उपेक्षा पूर्ण व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया है। इसके अलावा प्रस्ताव पास हुआ कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नाहिद सुल्तान, न्यायिक मजिस्ट्रेट महिमा चौधरी, प्रथम अपर सिविल जज प्रियांशू, किशोर न्याय बोर्ड और स्थाई लोक अदालत कासगंज का अनिश्चिकाल तक बहिष्कार रहेगा। सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास हुए। वहीं अपर सिविल जज सीनियर डिविजन न्यायालय को चेतावनी दी गई कि वह अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। अन्यथा उनके न्यायालय का भी बहिष्कार किया जाएगा। सभी अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे बहिष्कार किए गए न्यायालयों में कार्य नहीं करें। अन्यथा के उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रस्ताव की प्रति डीएम, एसपी के अलावा न्यायिक अधिकारियों को दी गई और नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक न्यायालयों में अनियमितताएं खत्म नहीं होगी तब तक बहिष्कार किया जाता रहेगा। अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है।

> अधिवक्ताओं के साथ कई न्यायालयों में अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा है। उनकी उपेक्षा की जा रही है। न्यायालय में अव्यवस्थाएं हैं। इसी को लेकर बार एसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। –**योगेश शर्मा**, अध्यक्ष बार एसोसिएशन

# युवक की छत से नीचे फेंक कर हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पत्नी ने दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** कोतवाली पटियाली क्षेत्र के गांव मझौला में युवक की मौत के बाद पत्नी ने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि देर शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

गांव मझौला निवासी रजनी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम को उनके पति कमलेश घर में काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही सुदेश, ओमकिशोर, अनिल गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए और कमलेश को जबरन खींच ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने छत पर ले जाकर कमलेश को नीचे फेंक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी शव को घर के बाहर फेंक गए। महिला ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि पोस्टमोर्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। इधर पति की मौत के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक कमलेश

> मामले में तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **गोविंद बल्लभ शर्मा**, इंस्पेक्टर पटियाली

**गांव में तरह तरह की चर्चाएं**

कमलेश की मौत के बाद गांव मझौला में तरह तरह की चर्चाएं हैं। लोग इस घटना को लेकर दशहत में दिखाई दिए हैं। कुछ लोग इस घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। इधर पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत

**जैथरा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव नगला गजपत में बुधवार सुबह खेत पर जा रहा किसान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

मंगलवार की रात हुई बरसात और ओलावृष्टि के बाद बुधवार सुबह गांव निवासी राजू (23) अपनी फसल में हुए नुकसान को देखने जा रहा था। खेत पर जाते समय नीचे झूल रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। लोगों ने देखा तो उसके परिजन को सूचना दी। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा संजय यादव ने बताया कि रात में हुई बरसात के कारण खेत में नमी आ गई थी। इसके अलावा हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे लटके हुए हैं। जिसकी चपेट में आकर राजू चिपक गया। जैथरा थाना प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से साथ कराया जाएगा निस्तारण



व्यापार मंडल की बैठक में कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- 26 फरवरी को आयोजित किया जाएगा व्यापारी सम्मेलन, कार्यक्रम
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बैठक में लिया निर्णय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने रेलवे रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर बैठक कर व्यापारियों के हित में चर्चा की। साथ ही 26 फरवरी को व्यापारी सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का जिला सम्मेलन 26 फरवरी को होगा। जिसमें जनपद की सभी इकाइयों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला सम्मेलन सोमवार को सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। सम्मेलन में जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि जिला कार्यकारिणी व नगर कार्यकारिणी की सभी इकाइयों के पदाधिकारी आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। व्यापारियों से संबंधित समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी एवं विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी जनप्रतिनिधियों को दिए जाएंगे। बैठक में राजेंद्र गुप्ता, संजय महेश्वरी, सतवीर सिंह मंकू, अनिल अग्रवाल, दिनेश गर्ग, अंकिश अग्रवाल, रजत बिरला, रिंकू अग्रवाल, कबीर प्रताप सिंह, प्रवेंद्र राणा, संभव जैन, मयंक बिड़ला, असरार सैफी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने को करें आवेदन

**कासगंज, अमृत विचार :** निर्धन परिवारों की पुत्री के विवाह के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिलाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी पात्रों को इस योजना से लाभांवित कराएं।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निर्धन परिवार अपनी पुत्री का विवाह करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पोर्टल पर पात्र जोड़े ऑनलाइन पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया कि आवेदक के परिवार की अधिकतम वार्षिक आय दो लाख रुपये होनी चाहिए। पुत्री की आयु विवाह की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.



RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## एक नजर

### भाजपा कार्यालय पर लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक संपन्न

**अलीगंज।** भारतीय जनता पार्टी लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक मंडल सराय अगहत में हुई। अखिलेश राजपूत प्रधान, अलीगंज मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता, सराय अगहत शिवम कश्यप, मंडल अध्यक्ष की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्षों को लाभार्थी संपर्क अभियान घर-घर जाने का आवाह्न व पार्टी की नीतियों की जानकारी दी गई। भाजपा ने एटा जिला के 22 मंडल अध्यक्षों में 17 मंडलों में पूर्व अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिसमें सराय अगहत मंडल अध्यक्ष शिवम कश्यप को पुन: जिम्मेदारी दी गई। मंडल अध्यक्ष का जिला उपाध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष आमोद आर्य रहे। कार्य समिति की बैठक में पवन सिंह राठौड़, हरिश्चंद्र शाक्य, धर्मेंद्र कुमार, फौरन सिंह, सुधीर सिंह, मनोज पांडे, प्रदीप कुमार, नितिन कुमार, रीना श्रीवास्तव, सोनम कठेरिया, विशाल कठेरिया, विजय प्रताप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिले में 22 मार्च तक लागू रहेगी धारा 144

**कासगंज।** जिला मजिस्ट्रेट सुधा वर्मा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं व संवेदनशीलता के दृष्टिगत जिले में शांति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों सहित जनपद कासगंज की संपूर्ण सीमा में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निरोधात्मक उपाय सुनिश्चित कराए जाने के लिए आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 22 मार्च तक प्रभावी रहेंगे।

### साप्ताहिक बंदी का पालन कराने की मांग

**जलेसर।** जिलाधिकारी के आदेश के बाद पिछले दो साप्ताहिक बंदी दिवस पर श्रम निरीक्षक के आने से नगर के व्यापारियों में साप्ताहिक बंदी दिवस के दिन दुकानें बंद रखी थी, लेकन आज साप्ताहिक बंदी दिवस पर श्रम निरीक्षक के ना आने से बाजार में साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन दुकानें खुली रहीं और लोग खरीदारी करते नजर आए। नगर में साप्ताहिक बंदी के नियम का उल्लंघन होता रहा है। व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी का पालन कराने की मांग की हैद्ध

# केले की खेती से समृद्ध हो रहे किसान

## बागवानी की ओर बढ़ा रुझान, केले की खेती में लागत कम मुनाफा ज्यादा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** तरह-तरह की खेती कर किसान किस्मत आजमाने में लगे हुए हैं। ऐसे में उनकी किस्मत को चमकाने का काम कर रही है केले की खेती। रकबा जरूर कम है, लेकिन उन्नति की संभावनाएं अपार हैं। जिले में कई किसान केले की खेती कर रहे हैं। इस खेती की विशेषता है कि एक बार फसल बोई जाती है और चार बार केले का फल आता है। सबसे अहम बात है कि हर साल इस फसल की लागत कम होती है और आमदनी बढ़ जाती है।

पटियाली के किसानों में केले की खेती के प्रति जागरुकता दिखाई दी है। यहां उद्यान विभाग ने किसानों को इस खेती के लाभ बताए तो किसानों ने केले की खेती की शुरुआत कर दी। पटियाली क्षेत्र के किसान रामपाल का कहना है कि इस खेती के लिए एक बार केले के पौधे रोपे जाते हैं। उसके बाद चार बार फसल मिलती है। हर साल केले का फल तैयार हो जाता है तो फल को निकाल लेते हैं और पौधे खड़े रहने देते हैं। फिर से फल आ जाता है। पहली बार में जब फसल रोपते हैं, तब पौधे आदि पर व्यय के कारण लागत अधिक आती है और फिर अगली चार फसलों तक के लिए पौधा नहीं रोपना पड़ता। हर बार फल का वजन बढ़ ही जाता है। ऐसे में हर साल लागत कम होती जाती है और मुनाफा बढ़ता जाता है।



**प्रति हेक्टेयर लागत और आमदनी**

- 1 लाख रुपये पहली बार फसल रोपने में आती है लागत।
- 3 लाख रुपये तक पहली फसल तैयार होने पर होता है मुनाफा।
- 50 हजार रुपये तक दूसरी फसल से चौथी फसल तक प्रति फसल आती है लागत।
- 3 से 3 .5 लाख रुपये तक दूसरी से चौथी फसल तक प्रति फसल होती है आमदनी।

**आंकड़ों की नजर में**

- **14** महीने में तैयार होती है एक फसल।
- **30** हजार रुपये पहली फसल के लिए अनुदान देता है उद्यान विभाग।
- **10** हजार रुपये दूसरी से चौथी फसल तक मिलता है अनुदान।
- **25** हेक्टेयर क्षेत्रफल में जिले में हो रही केले की खेती।

- **कई किसानों ने कम लागत में की अधिक आमदनी**

केले की फसल बेहद लाभकारी है। एक बार रोपने से चार बार तक फल आता है। पहली बार में लागत अधिक आती है। फिर हर साल लागत कम होती जाती है। पहली बार में पौधे पर खर्च होता है। फिर हर साल पत्ता गिरता है तो हरी खाद बनती है। इससे हर साल खाद पर भी कम खर्च आता है। **- सुबोध कुमार,** उद्यान निरीक्षक

**जिले में फल की फसल, सब्जी की नहीं**

केले की फसल दो प्रकार की होती है। एक प्रजाति की फसल सब्जी के लिए पैदा की जाती है और एक प्रजाति की फसल फल के लिए। जिले में फल के लिए किसान फसल कर रहे हैं, हालांकि सब्जी के लिए अभी जागरुकता नहीं हैं।

### धूमधाम से मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

**कासगंज, अमृत विचार:** संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति ने इसको लेकर तैयारियां कर ली हैं। बैठक में अन्य महापुरुषों की जयंती भी धूमधाम से मनाने पर बल दिया गया।

बसपा जिलाध्यक्ष डीपी सिंह राना ने कहा कि बहुजन समाज के सभी महापुरुषों की जयंती एवं स्मृति दिवसों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संत गाडगे एवं संत शिरोमणि रविदास की जयंती 24 फरवरी को शाम चार बजे डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क सोरों गेट कासगंज पर मनाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष आनंद प्रिय विद्यार्थी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती महोत्सव के लिए प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करने के लिए आनंद प्रिय विद्यार्थी को अधिकृत किया गया है। जिले के सभी मंडलों की कार्यकारिणी 29 फरवरी तक गठित करा दी जाएं। बैठक में रामदास विजय, नंद किशोर जाटव, रामेश्वर दयाल जाटव, बृजेश कुमार, चरन सिंह, देवेंद्र कुमार पुष्कर, आर.सी.राना, मुनेंद्र पाल सिंह, मोहन लाल सागर, केपी सिंह, योगेंद्र कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर दयाल जाटव ने किया।


### रोवर्स रेंजर्स का त्रिदिवसीय शिविर आयोजित

**जलेसर, अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का आयोजन किया गया शिविर का आरंभ प्राचार्य डॉ. विभा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य ने रोवर्स रेंजर्स के ध्वज का ध्वजारोहण किया। शिविर का सफल संचालन रोवर्स प्रभारी डॉ. रविन्द्र सिंह तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ. शालिनी यादव के नेतृत्व में हुआ। शिविर के प्रथम दिवस पर रूपेश गौतम ने रोवर्स रेंजर्स के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर डॉ. विजय सिंह चौधरी, डॉ. विष्णु कांत, डॉ. ओमकार, डॉ. अनिल, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. दीपांकर सिंह, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. आशीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# हिंदी का प्रश्नपत्र आसान देख खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**सीबीएसई 10वीं की परीक्षा**



एनआर पब्लिक स्कूल से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी।

- **स्कूल में किया गया परीक्षार्थियों का किया स्वागत**
- **पहले दिन हिंदी कोर्स अ और ब की परीक्षा संपन्न**

**अमृत विचार:** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा बुधवार से शुरू हो गईं। पहले दिन हिंदी कोर्स अ और ब की परीक्षा का प्रथम पेपर हुआ। परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के चेहरे को खुश नजर आए हैं। इधर विद्यालयों में पहुंचने पर अध्यापकों ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए।

एनआर पब्लिक स्कूल में 393 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इसमें से 377 उपस्थित रहे और 16 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में 367 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 364 ने परीक्षा दी जबकि तीन ने परीक्षा छोड़ दी। एनआर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने फूलों की वर्षा की। जिससे उनका मनोबल बढ़े। विद्यार्थी अपना मनोबल बढ़ता देख और उत्साहित हुए और परीक्षा देकर लौट के बाद उन्होंने खुशी जाहिर की। इधर जेपी पब्लिक एकेडमी, सेंट जोसेफ, एमडी पब्लिक स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्र पर भी परीक्षा संपन्न हुई है।



पेपर में पत्र पैराग्राफ, ग्रामर सेक्शन, प्रश्न उत्तर काफी सरल आए, जिससे कोई कठिनाई नहीं हुई। हम काफी खुश हैं।
**– अक्षरा,** परीक्षार्थी



जल्दी ही पेपर हल कर लिया। सरल पेपर था। कोई कठिनाई नहीं हुई। लौट कर आकर मिलान किया तो लगा है कि पेपर काफी अच्छा हुआ है।
**–युवराज,** परीक्षार्थी

## सार-संक्षेप

### सड़क सुरक्षा ही है जीवन रक्षा का संदेश देकर दिलाई शपथ



**कासगंज।** सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा है। हमें यातायात के नियमों को हर हाल में पालन करना चाहिए। जरा सी लापरवाही हमारी जान के लिए खतरा बन सकती है। यह संदेश यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया गया और उन्हें बताया गया कि वे अपने अभिभावकों को भी जागरूक करें। एसपी अपर्ण रजत कौशिक ने निर्देश पर यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया। उन्हें यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया और शपथ दिलाई। यातायात प्रभारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति हेलमेट अवश्य पहनाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद के लिए तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि तीव्र मोड़ पर लगे संकेतकों अनुपालन करें। इस दौरान उपस्थित सभी छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई।

### एटा महोत्सव में भाग लेने वाले बच्चों को किया सम्मानित



**एटा।** एटा महोत्सव में हुए कार्यक्रम वैरायटी शो में प्रतिभाग करने वाले असीसी कांवेंट स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल की इंचार्ज सिस्टर जेसलेट ने बच्चों को पुरस्कार और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ने सिस्टर जेस्लेट और सिस्टर एगना को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयोजक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक विकास होता है। समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। इस अवसर पर टीचर साक्षी जैन, नंदिनी शर्मा, के अलावा प्रतिभाग करने वाले बच्चों में हर्ष शर्मा, उन्नति गुप्ता, हिफ्जा अमान, उत्कर्ष यादव, अगम शर्मा सहित तमाम बच्चे मौजूद थे।

### 'तमंचे पर डिस्को'... युवक ने की फायरिंग

**एटा।** राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के गढ़िया जगन्नाथ में डीजे पर तमंचा के साथ डांस करने का वीडियो सामने आया है। डीजे पर ' 'तमंचे पर डिस्को...'' गाना बज रहा था। परिवार के कुछ लोग डांस कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने तमंचा निकाला और हवाई फायरिंग की। किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कुछ ही समय में वीडियो वायरल हो गया। वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो जांच शुरू हो गई। यह वीडियो राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के गढ़िया जगन्नाथ का निकला। थाना प्रभारी ने बताया पुलिस ने जांच के बाद मामला सही मिलने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



## तहसील परिसर में एसडीएम ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जलेसर, अमृत विचार:** उप जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में अगुवाई करते हुए स्वच्छ भारत मिशन अभियान का आरंभ किया। उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता ने तहसील परिसर में स्वच्छ भारत मिशन की अगुवाई की और स्वयं झाड़ू लगाकर कर्मचारियों को प्रेरणा दी की वह भी अपने-अपने कार्यालय निकटवर्ती स्थलों पर स्वच्छ भारत मिशन को कामयाब बनाने के लिए अग्रणी भूमिका निभाएं ताकि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी अभियानों को गति मिल सके।

अभियान के दौरान पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा, सफाई निरीक्षक महेश चंद्र यादव, अवर अभियंता त्रिलोकीनाथ यादव, राजवीर सिंह, हरिओम यादव, दीपक आदि मौजूद थे।

# बारिश पर निर्भर है काली नदी का अस्तित्व, बढ़ा प्रदूषण

### विंटर रेन न होने से असंतुलित हो गया है काली नदी का ऑक्सीजन लेबल, पूर्व में जलीय जीवों की जाती रही है जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कासगंज काली नदी। ● अमृत विचार

> वर्षा से पानी में सीओडी, बीओडी और डीओ संतुलित होती है। यदि वर्षा अपेक्षित न हो तो इन तीनों का संतुलन बिगड़ जाता है तो समस्या होती है। फिलहाल ऑक्सीजन का स्तर कुछ हद तक संतुलित है।
>
> **-केके शर्मा**, लैब टेक्नीशियन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़

**आंकड़ों की नजर में**

- **100** मिलीग्राम प्रति लीटर तक होनी चाहिए है काली नदी के पानी में बायोलाजिकल आक्सीजन डिमांड
- **105** मिलीग्राम प्रति लीटर फिलहाल है पानी में बायोलाजिकल ऑक्सीजन डिमांड का स्तर
- **12** मिलीग्राम प्रति लीटर तक है पानी में डिजाल्व आक्सीजन
- **10** मिलीग्राम प्रति लीटर से कम होनी चाहिए पानी में डिजाल्व ऑक्सीजन
- **300** मिलीग्राम प्रति लीटर से कम होनी चाहिए पानी में केमिकल ऑक्सीजन डिमांड
- **300** मिलीग्राम प्रति लीटर तक है केमिकल ऑक्सीजन डिमांड लेवल

**अमृत विचार :** दक्षिणी दिशा से होकर गुजर रही काली नदी का अस्तित्व मौसम पर टिका है। झमाझम वर्षा होने से ही यहां पानी की शुद्धता बढ़ती है और ऑक्सीजन का स्तर संतुलित होता है। वर्षा न होने से ऑक्सीजन का संतुलन बिगड़ जाता है। दो साल पहले कम वर्षा होने से यहां जलीय जीवों की जान खतरे में पड़ी और हजारों मछलियां मरकर उतरा गईं। इस बार सर्दी के मौसम में भी अब तक अपेक्षित वर्षा नहीं हुई है। इससे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी चिंतित हैं।

वैसे तो काली नदी को नया जीवन देने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा चुका है, लेकिन बुलंदशहर और अलीगढ़ की औद्योगिक इकाइयों से बह कर आ रहा कचरा यहां के पानी में जलीय जीवों का दम घोंट रहा है। कचरे से नदी के पानी का ऑक्सीजन स्तर कई बार बिगड़ चुका है। दो साल पहले भी ऐसा ही हुआ था। मानसून सत्र में जुलाई माह में अपेक्षित बर्षा नहीं होने से नदी के पानी का ऑक्सीजन लेबल गड़बड़ा गया और हजारों मछलियां मर कर पानी में उतरा गईं। इसके अलावा लगभग छह महीने पहले भी काली नदी के पानी में ऑक्सीजन का लेवल असंतुलित हुआ और तब भी हजारों मछलियां मर गईं। जलीय जीवों की जान के लिए खतरा बना रहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विशेषज्ञों ने जांच में पाया कि यहां ऑक्सीजन का स्तर गड़बड़ा गया था। उस समय नहर विभाग के अधिकारियों से सहयोग मांगकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने हजारा गंग नहर से शुद्ध पानी काली नदी में छुड़वाया। इसके बाद ऑक्सीजन का स्तर संतुलित हुआ। अब इस बार फरवरी में अपेक्षित बारिश नहीं हो रही है। इससे काली नदी के पानी को शुद्ध रखना चुनौती बन सकता है।

## लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता पर किया मंथन

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को कस्बा अमांपुर के वेदराम सिंह आवासीय इंटर कालेज में लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता के लिए कार्यशाला हुई। जिसमें प्रदेश और केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

सांसद प्रतिनिधि डॉ. केत सिंह वर्मा, भाजपा नेता बृजेश वर्मा, जिला महामंत्री संजय सोलंकी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीना चौहान, मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष दरवेश जाटव ने लाभार्थी संपर्क अभियान की विस्तार से जानकारी दी। वहीं सफलता के लिए कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए गए। 25 फरवरी से 5 मार्च तक केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क का अभियान बूथ स्तर पर चलाया जाएगा। सभी कार्यकताओं को बूथ मजबूत करने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भाजपा नेता शिवराज वर्मा, संयोजक दरवेश फौजी, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, महिपाल फौजी, चित्तर सिंह, मुन्नालाल जाटव, सतपाल, कुमरपाल, लेखराज, प्रेमपाल, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, नरेश राजपूत मौजूद रहे।



गंगा महाआरती करते पुजारी। ● अमृत विचार

## काली नदी घाट पर हुई गंगा महाआरती में उमड़े लोग

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा की सहायक नदी अतरंजीखेड़ा के काली नदी घाट पर गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति व सामाजिक वानिकी प्रभाग एटा द्वारा नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जिले भर में 10 कार्यक्रम जन जागरुकता के उद्देश्य से जनपद के 10 स्कूलों में हुए। मुख्य अतिथि डीएफओ सुन्दरेशा व विशिष्ट अतिथि सीएमओ उमेश कुमार त्रिपाठी रहे। वहीं नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी आर्यन गौड़ द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दयानंद श्रीवास्तव ने किया।

## एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार को बजट स्वीकृत होने पर मनाया जश्न

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** एटा-कासगंज रेल लाइन विस्तार के लिए बजट स्वीकृत होने पर बुधवार को एटा बाबूगंज मार्केट के सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

व्यापार मंडल बाबूगंज के अध्यक्ष साबिर मियां ने कहा लगभग डेढ़ दशक के लंबे आंदोलन के पश्चात भारत सरकार ने एटा कासगंज रेल विस्तार हेतु बजट स्वीकृत किया है। इसके लिए एटा नगर व्यापार मंडल बाबूगंज के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने चरणबद्ध तरीके से लगातार धरना प्रदर्शन, अनशन, प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, राष्ट्रपति को ज्ञापन के माध्यम से, पैदल यात्रा की। बाबूगंज महामंत्री मुकेश वार्ष्णेय ने कहा एटा कासगंज रेल लाइन विस्तार निश्चित रूप से यह एटा और कासगंज के आम लोगों और व्यापारियों सहित बुद्धजीवियों के लंबे समय तक चले संघर्ष का परिणाम है। व्यापारियो ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित रेल मंत्रालय का आभार जताया। यहां एटा नगर अध्यक्ष अतुल राठी, राकेश जैन, शोभित वार्ष्णेय, हरीश, पप्पन, इरशाद साबरी, तनवीर अना, शानू, मनोज गुप्ता, चुना हाजी, नीरज जैन, बॉबी खान, मोहम्मद रियाज अब्बास, परवेज, तालिब कुरैशी, मोहम्मद शरीक कुरेशी, मोहम्मद मुजीब, एटा नगर व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।



व्यापारी व दुकानदारों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

- **व्यापारी व दुकानदारों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई खुशी**

## कक्षा 8 की छात्रा ने कुश्ती में जीता कांस्य पदक, मिला सम्मान

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार:** विकासखंड अलीगंज के गांव जाजलपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ने वाली 14 वर्षीया दीप्ति ने राज्य स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया है। एबीएसए सुरेंद्र कुमार अहिरवार एवं उनके स्टाफ द्वारा छात्रा को कार्यालय पर बुलाकर पुष्प गुच्छ एवं उपहार भेटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

दीप्ति के पिता सरवन सब्जी बेचकर गुजर बसर करते हैं। दीप्ति के लिए खेल के लिए सुविधाओं का अभाव था लेकिन विद्यालय के अध्यापक प्रवीण कुमार यादव ने छात्रा की प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय प्रांगण में कुश्ती के लिए प्रशिक्षण दिया। अध्यापक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि दीप्ति 45 किलो वर्ग में राज्य स्तर पर खेल कर कांस्य पदक लाई है।

एबीएसए सुरेंद्र कुमार अहिरवार ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक छोटे से गांव की प्राथमिक विद्यालय की छात्रा ने स्टेट लेवल पर नाम रोशन किया है जो कि हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर सत्य प्रताप सिंह, शिव गौरव दीक्षित, सत्यव्रत दीक्षित, शुभम गुप्ता, अशोक यादव, उषा देवी, अवनीश तोमर, आकाश दीक्षित, सुधीर वर्मा प्रवेश यादव, रामकुमार, मुरारी आदि लोग मौजूद रहे।



छात्रा दीप्ती को पुष्प गुच्छ एवं उपहार भेंट करते एबीएसए सुरेंद्र कुमार अहिरवार।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

### सूचना

मैं, साजदा बेगम पत्नी मरहूम शोएब कुरैशी, निवासी 336-ए, चक महमूद, थाना बारादरी, जिला बरेली ये सूचित करती हूँ मेरे पुत्र जोहेब कमाल पुत्र मरहूम शोएब कुरैशी का विवाह दि. 14.4.2012 को फारेहा रहमान पुत्री उवैदुरहमान, निवासी घेर जाफर खां, थाना बारादरी, जिला बरेली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। मेरे पुत्र के उसकी पत्नी से ताल्लुकात सही न होने के कारण उसने शरीयत के अनुसार प्रथम तलाक दि. 01.09.2023 को द्वितीय दि. 06.10.2023 को व तृतीय दि. 07.11.2023 को दे दिया है। जिसकी सूचना फारेहा रहमान को दे दी है। अब मेरा व मेरे पुत्र का फारेहा रहमान से कोई वास्ता नहीं है।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र आसिफ अली व पुत्रवधु रूमाबानों को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **मुनाजिर पुत्र तसब्बर अली, निवासी ग्राम जरेली, तहसील नवाबगंज, जिला बरेली**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी की मृत्यु दिनांक 29.07.2023 को हो चुकी है उनके नाम एक आवासीय मकान शाहदाना कॉलोनी बरेली में है इस संपत्ति पर पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से लोन चल रहा था जो पूरा हो चुका है। अब इस संपत्ति के कागजात पंकज राय पुत्र स्व. गोविंद राम को पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से छुड़वाने हैं। निवासी 23-B शाहदाना कॉलोनी, बरेली

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।





